## आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–08 सितम्बर 2026** **सान्ध्य समाचार**

कल नौवें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ होगा। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के एक लेख को आज अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया।

***सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि मातृ वंदना योजना के 10 वर्ष और पोषण माह पर आधारित यह लेख आंगनबाड़ी व्यवस्था को जन आंदोलन बनाने के संदेश को दर्शाता है। महिला और बाल विकास मंत्री ने अपने लेख में कहा कि आंगनबाड़ी समाज से अलग कोई व्यवस्था नहीं है, बल्कि ये हमारे आसपास के समुदाय का अभिन्न हिस्सा हैं। केंद्रीय मंत्री कल प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से राष्ट्रीय पोषण माह की शुरूआत करेंगी। राष्ट्रीय पोषण माह का इस वर्ष का विषय है– हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी। इसके अंतर्गत प्रत्येक नागरिक से आंगनबाड़ी केंद्रों की जिम्मेदारी साझा करने का आह्वान किया गया है। सितंबर माह में चलने वाले इस अभियान के दौरान देशभर में समुदायों को महिलाओं, बच्चों और किशोरों के पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवहारों को बेहतर बनाने के लिए जागरूक किया जाएगा। समाचार कक्ष से अरूण।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज अयोध्या में नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा सहायिकाओं के नियुक्ति–पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्र के बारे में विशेष तौर से चर्चा की।

***कल से पोषण माह प्रारम्भ हो रहा है। कल काशी में यह अभियान प्रारम्भ होगा। अभियान के पहले एक सम्मानजनक मानदेय के साथ आंगनबाड़ी बहनें और सहायिकाएं भी अपने आपको तैयार कर सकें और साथ–साथ आंगनबाड़ी केंद्र भी हमारे स्मार्ट दिखाई दें, इसकी घोषणा हम डंके की चोट पर कर सकें, इस दृष्टि से मुझे आज अयोध्या धाम आना पड़ा है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में यूपी टेक्सटाइल कॉन्क्लेव–2026 का शुभारंभ किया। इस दौरान यूपी टेक्स मित्रा पोर्टल, हथकरघा बुनकर समृद्धि योजना और उत्तर प्रदेश वस्त्र क्षेत्र प्रशिक्षण एवं कौशल विकास योजना का भी शुभारंभ किया गया। साथ ही यूपी टेक्सटाइल एवं गारमेंटिंग पॉलिसी 2022 के तहत एलओसी और प्रोत्साहन राशि का वितरण किया गया। कॉन्क्लेव को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 6 वर्षों में प्रदेश के वस्त्र परिधान और हस्तशिल्प निर्यात में बढ़ोतरी हुई है।

***आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने 2030 तक 350 बिलियन यूएस डॉलर की टेक्सटाइल अपैरल इकोनॉमी और 100 बिलियन यूएस डॉलर के टेक्सटाइल एंड अपैरल एक्सपोर्ट का भी लक्ष्य निर्धारित किया है। यह लक्ष्य तभी पूरा होगा जब उत्तर प्रदेश जैसे राज्य इस राष्ट्रीय संकल्प में अपनी पूरी शक्ति के साथ भागीदारी कर सकें। पिछले 6 वर्ष में प्रदेश के वस्त्र, परिधान और हस्तशिल्प निर्यात में लगभग 56 फीसदी की यूपी के अंदर वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश इस सेक्टर में देश का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक राज्य बन गया है। प्रदेश के उत्पाद आज सैकड़ों इंटरनेशनल मार्केट तक पहुँच रहे हैं।***

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश में निवेश संबंधी विभिन्न समझौता ज्ञापन का आदान–प्रदान भी किया गया।

**********

प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी छः दिनों तक बारिश का क्रम इसी तरह जारी रहेगा। वहीं बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश के करीब छब्बीस जिले बाढ़ की चपेट में है। सभी जगहों पर राहत और बचाव कार्य जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बचाव कार्यों की नियमित समीक्षा कर रहे हैं। उधर, बदायूं और बलिया में गंगा, शाहजहांपुर में रामगंगा, बाराबंकी, अयोध्या तथा बलिया के तुर्तीपार में घाघरा एवं लखीमपुर खीरी में शारदा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। पीलीभीत में शारदा व देवहा नदियां उफान पर हैं।

**********

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने हापुड़ बाईपास तक 105 मीटर चौड़ी सड़क बनाने का प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्ताव पर कल लखनऊ में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया। प्राधिकरण ने बताया कि इस सड़क से नोएडा–ग्रेटर नोएडा और गंगा एक्सप्रेसवे के बीच की दूरी घटकर लगभग 30 से 45 मिनट रह जाएगी।

**********

सुल्तानपुर जिले के अखंडनगर थाना क्षेत्र के पसना गांव के पास आज एक स्कूल बस और दो पहिया वाहन में हुए टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। कादीपुर के क्षेत्राधिकारी विनय कुमार ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब एक बस ने दो पहिया वाहन को टक्कर मार दी।

***आज दिनांक 8 सितंबर थाना अखंड नगर जनपद सुल्तानपुर में कादीपुर अखंड नगर मार्ग पर एक टीवीएस मोपेड से तीन लोग जा रहे थे, जिसमें पिता, पुत्र एवं उनकी मां थी। इनको एक अज्ञात बस द्वारा लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी है, जिसके परिणाम स्वरूप तीनों लोगों की मृत्यु हो गई है।***

**********

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से राज्य स्तरीय पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पुरस्कारों का वितरण तीन दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर होगा। राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए जिलाधिकारी की संस्तुति के साथ 15 सितंबर 2026 तक आवेदन किए जा सकते हैं।

**********